सत्यमेव जयते

# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 18 फाल्गुन, 1942 (श०) / 09 मार्च, 2021 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 03

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग | .. | .. | 01 |
| (2) | शिक्षा विभाग | .. | .. | 02 |
| | | | कुल योग -- | 03 |

अनुदान देना

'क'-16. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्राकृतिक आपदा के तहत बाढ़ के समय सर्पदंश से मृत्यु होने पर मृतक परिवार को 4 लाख रुपया सहायता देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में अन्य दिनों में भी सर्पदंश से गरीब/मजदूर परिवारों में मृतकों की संख्या में वृद्धि हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाढ़ अवधि के बाद भी सर्पदंश से मृत्यु को प्राकृतिक आपदा में शामिल कर मृतक परिवार को 4 लाख अनुदान देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति

40. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में 300, +2 विद्यालयों में लगभग 3 लाख छात्र-छात्राएँ नामांकित हैं, वर्तमान में लगभग 12 हजार शिक्षक ही कार्यरत हैं, जिसमें 75 प्रतिशत से ज्यादा नियोजित शिक्षक ही कार्यरत हैं, शिक्षकों की कमी के कारण राज्य के +2 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को समुचित और राष्ट्रीय मानक के अनुरूप शिक्षा नहीं मिल रही है, यदि हाँ, तो सरकार राज्य के +2 विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार लाना

41. श्री ललित कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 12 फरवरी, 2021 को प्रकाशित शीर्षक ''90 प्रतिशत कॉलेज ग्रेडिंग में फिसड्डी'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार की उदासीनता के कारण राज्य के 90 प्रतिशत विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय नैक (नेशनल ऐसेसमेंट एवं एक्रेडिटेशन काउंसिल) के न्यूनतम मानक के नीचे है, जिससे UGC एवं केन्द्र सरकार द्वारा राशि नहीं दिया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मानक के अनुरूप 90 प्रतिशत विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के नहीं रहने के कारण राज्य के मेहनती एवं ऊर्जावान छात्रों का पलायन दूसरे प्रदेश में हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार कर ''नैक'' के मानक पर लाने पर विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 9 मार्च 2021 (ई०) ।

राज कुमार सिंह,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

---

नोट--'क'-दिनांक 26 फरवरी, 2021 को सदन द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को स्थानांतरित ।

बि0स0मु0, 124(एल0ए0), 2020-21-डी0टी0पी0-550